अवधि- 2 घंटे **पूर्णांक- 60**

सूचना- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न क्रमांक, उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए।

प्रश्न- 1. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **40**

क) आधुनिक हिंदी साहित्य के निर्माण में तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक और धार्मिक परिवेश की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

ख) छायावादी काव्य की प्रवृत्तियोंपर प्रकाश डालिए।

ग) नई कविता की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

घ) हिंदी उपन्यास साहित्य के क्रमिक विकास का परिचय दीजिए।

प्रश्न- 2. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए- **10**

च) भारतेंदु युगीन कविता
छ) स्वातंत्र्योत्तर हिंदी नाटक
ज) हिन्दी का आत्मकथा साहित्य
झ) हिंदी में रेखाचित्र का विकास

प्रश्न- 3. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए- **05**

i) 'सदाचार का ताबीज' किस व्यंग्यकार का निबंध-संग्रह है ?

ii) 'कबिरा खड़ा बाजार में' किसकी रचना है ?

iii) 'गेहूँ और गुलाब' निबंध के लेखक कौन हैं?

iv) 'निराला की साहित्य साधना' किसकी समीक्षा-कृति है ?

v) 'रसीदी टिकट' किसकी आत्मकथा है?

प्रश्न- 3. (आ) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों केउत्तर लिखिए- **05**

i) कौन-सी रचना पंत की नहीं है ?
अ) पल्लव आ) वीणा इ) लहर ई) ग्रंथि

ii)'किस रचना पर दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?
अ) उर्वशी आ)रसवंती इ) परशुराम की प्रतीक्षा ई) कुरुक्षेत्र

iii) दीपशिखा किसकी रचना है ?
अ) जयशंकर प्रसाद आ) नागार्जुन इ) महादेवी वर्मा ई) सुभद्रा कुमारी चौहान

iv) धूमिल के अनुसार तीन थके हुए रंगों का नाम क्या है?
अ) आज़ादी आ) ध्वज इ) संसद ई) गुलामी

v)'तीसरी कसम' कहानी के लेखक का नाम बताइए -
अ) कमलेश्वर आ) मार्कंडेय इ)फणीश्वर नाथ रेणु ई) उषा प्रियंवदा

88A89FBA80932F83D9895BA53BA8B722